Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 06-12-2005

Participants : Kushwaha Shri Narendra Kumar

>

Title : Need to provide economic package for development of small scale industries in Mirzapur, Uttar Pradesh.

श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा (मिर्ज़ापुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं, लेकिन सरकार द्वारा प्रतिर्वा लघु उद्योगों के लितए आरक्षित सूची से विभिन्न आइटम हटाये जा रहे हैं। दूसरी ओर लघु उद्योग निर्माताओं को विश्व अर्थव्यवस्था में समान अवसर प्रदान करने की दिशा में अनदेखी की जा रही है। उद्योग निर्माताओं को बाजार से कड़ी स्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। बैंक ऋण की सुविधाओं की कमी के कारण वित्त समस्या बनी हुयी है। लघु उद्योगों को सरकारी योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। बिजली की कमी बंद होने के कगार पर है। बैंकों द्वारा लघु उद्योग इकाइयों को ऋण देने से बचने की लघु इकाइयों और मध्यम इकाइयों को मध्यम दर्जे के साथ जोड़ा गया है, लेकिन अभी तक इन इकाइयों को मध्यम दर्जे की सुविधा नहीं दी जा रही है। केन्द्र शीघ्र ऐसी इकाइयों को विशो रूप से मिर्जापुर जिले के लिए आर्थिक पैकेज तथा बैंकों को ऋण उपलब्ध कराने की कार्यवाही करने के आदेश जारी करें।